9

महानदी की आत्मकथा महानदी की आत्मकथा

तुमने कहीं न कहीं नदी तो जरूर देखी होगी। हो सकता है, नदी के किनारे सैर भी की
हो। किसी नदी में डुबकी भी लगाई हो।

आओ, आज महानदी की कहानी उसी की जुबानी सुनते हैं।

बच्चो, मैं छत्तीसगढ़ की प्रमुख नदी, महानदी हूँ। इसके पहले कि मैं अपनी कहानी शुरू करूँ तुम कुछ प्रश्नों के उत्तर लिखो। जिस गाँव, कस्बे या शहर में तुम रहते हो, वहाँ आसपास क्या कोई नदी है? यदि है तो अपने शिक्षक, बड़ों से पूछकर नीचे दी गई जानकारी इकट्ठी करो-

नदी का नाम क्या है?

वह नदी कहाँ से निकलती है?

नदी कहाँ तक जाती है?

क्या इस नदी में कोई और नदी भी मिलती है?

क्या इस नदी में वर्ष भर पानी रहता है?

इस नदी के किनारे कौन-कौन से गाँव अथवा शहर बसे हैं?

54

55

अब तुम दिए गए नक्शे को ध्यान से देखो। तुमने देखा, मैं सिहावा की पहाड़ियों से निकलती हूँ। यह धमतरी जिले में स्थित है। यहाँ मैं एक पतली धारा की तरह दिखाई पड़ती हूँ। यदि नक्शे में वह स्थान ढँूढ़ लिया हो तो उस स्थान पर निशान भी लगा लो।

अब नक्शे में देखो मेरे किनारे कौन-कौन से शहर या गाँव बसे हैं?

नक्शे में उन स्थानों को अलग-अलग रंगों से भरो।

रतनपुर
जांजगीर

ताला

शिवरीनारायण महानदी

पुजारी पाली

बिलाईगढ़ जोंक नदी

तुरतुरीया

सिरपुर

राजिम

पैरी नदी
सौढूर नदी

सिहावा की पहाड़ियाँ

म हा न दी

धमतरी

आरंग

पलारी

शिवनाथ नदी

नगपूरा

दुर्ग

उत्तर

 माँद नदी

महानदी की आत्मकथा



धमतरी का गंगरेल बाँध (रविशंकर सागर परियोजना) मुझ पर ही बना है। गंगरेल बाँध को नक्शे में ढूँढ़ो। गंगरेल बाँध बनने से मेरा महत्व और भी बढ़ गया है। सिंचाई के लिए पानी मिलने लगा, जिससे फसलों का उत्पादन बढ़ा। इस बाँध से बिजली भी पैदा की जाती है।

धमतरी से मैं छत्तीसगढ़ के प्रमुख तीर्थ स्थान राजिम में पहुँचती हूँ। यहाँ पर मुझमें दो और नदियाँ, पैरी और सोंढूर आकर मिलती हैं।

bu ufn;k dk uD'k e: n[kk।

तीन नदियों के संगम के कारण राजिम का महत्व और भी बढ़ जाता है। हर वर्ष यहाँ महाशिवरात्रि पर मेला लगता है। इस मेले के बारे में अपने शिक्षक से चर्चा करो।

राजिम से निकलकर आरंग होते हुए मैं सिरपुर पहुँचती हूँ। सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर, राम मंदिर और गंधेश्वर महादेव मंदिर बहुत प्रसिद्ध हैं। सिरपुर से होते हुए मैं शिवरीनारायण पहुँचती हूँ। शिवरीनारायण से पहले मुझमें शिवनाथ नदी भी आकर मिलती है। इसके बाद मैं माँ चंद्रहासिनी देवी के पवित्र स्थल चंद्रपुर पहुँचती हूँ, जहाँ पर मांड नदी से मेरा संगम होता है।

नक्शे में निशान लगाते हुए तुमने महसूस किया होगा कि मेरी यात्रा कुछ लंबी है। तुमने देखा न, मैं पूर्व की तरफ अब छत्तीसगढ़ राज्य से निकलकर पड़ोसी राज्य उड़ीसा में प्रवेश करती

हूँ। उड़ीसा के संबलपुर में मुझ पर एक बहुत बड़ा बाँध 'हीराकुंड' बनाया गया है।

हर नदी की तरह मैं भी अपने साथ मिट्टी, कंकड़, पत्थर, रेत लेकर चलती हूँ। मेरे द्वारा लाई गई मिट्टी, बहुत उपजाऊ और उपयोगी होती है। खेती के साथ मेरे किनारों पर पाई जाने वाली मिट्टी से कुम्हार बहुत सुन्दर बर्तन और खिलौने बनाते हैं।

मेरे किनारे उगे तरबूज तो तुमने खूब खाए होंगे।

irk djk vkj dkUk&dku lh lfCt;k vkj Qy unh d fdukj mxk, tkr gA

उड़ीसा के पाराद्वीप में मैं कई छोटी–छोटी धाराओं में बँट जाती हूँ। मेरे बहाव के साथ आई मिट्टी मेरे किनारों पर फैल जाती है। जिससे यह स्थान उपजाऊ हो जाता है। यहाँ से अपनी कई छोटी–बड़ी शाखाओं के साथ मैं समुद्र (बंगाल की खाड़ी) में मिल जाती हूँ।

D;k re dHkh fdlh unh ij x, gk\ ;fn x, gk rk dku&lh txg ij\ ;gk reu D;k&D;k n[kk

यहाँ तुमने सफाई का पूरा ध्यान तो रखा होगा। कहीं किसी प्रकार की गंदगी तो नहीं फैलाई!

अरे हाँ! गंदगी से याद आया, लोग अक्सर मेरे किनारे नहाते हैं, पूजा के फूल, मूर्तियाँ आदि विसर्जित करते हैं। साथ ही पॉलीथीन की थैलियाँ, बोतलें आदि भी फेंकते हैं?

कस्बों और शहरों के गटर का गंदा पानी (सीवेज) और कारखानों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ भी मुझे गंदा करते हैं। तमाम गंदगी लगातार मुझमें मिलते रहने से मेरा पानी स्वच्छ और पीने योग्य नहीं रह जाता है। इससे मैं बहुत उदास और दुखी हो जाती हूँ। मेरी कहानी सुनने के बाद मुझे विश्वास है, तुम मुझे व अन्य नदियों को गंदा नहीं करोगे।

rEgkjs ;gk¡ dh unh ;k rkykc esa fdl izdkj dh xanxh feyrh g

....

....

....

नदी पर जब बाँध बनाए जाते हैं तो नदी को रोक कर एक बहुत बड़ी दीवार सी खड़ी की जाती है। आसपास के बहुत सारे गाँव पानी में डूब जाते हैं। इन गाँवों के लोगों को फिर से रहने के लिए, रहने की जगह के साथ स्कूल, बिजली, अस्पताल, बस, ट्रेन आदि की सुविधाएँ दी जाती है।

सोचकर बताओ –

जहाँ बाँध बनता है वहाँ के लोगों को क्या–क्या परेशानियाँ होती होंगी?

geus D;k lh[kk

ekSf[kd

F2E1E8

1. महानदी कहाँ से निकलती है?
2. महानदी के तट पर बसे तीन स्थानों के नाम बताओ।

fyf[kr

1. छत्तीसगढ़ में महानदी किस–किस दिशा में बहती है?
2. बाँध बनने से क्या लाभ हैं?
3. राजिम में महानदी में कौन–सी नदियाँ आकर मिलती हैं?
4. महानदी का सफर कहाँ जाकर समाप्त होता है?
5. नदी में गंदगी डालने से क्या नुकसान होता है?

[kkstks vkl&ikl

1. अपने आस–पास की किसी अन्य नदी की आत्मकथा के बारे में पुस्तकों, शिक्षक, साथियों से जानकारी इकट्ठी कर लिखो।
2. अपने आस–पास की नदियों या तालाबों में गंदगी को फैलने से रोकने के लिए क्या उपाय कर सकते हो?